Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to take steps for repair and maintenance of roads from Varanasi to Dhanbad and flyovers.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): अध्यक्ष जी, एक राष्ट्रीय राजमार्ग, जो देश की राजधानी दिल्ली से कोलकाता को जोड़ता है, जिसे नेशनल हाइवे नम्बर -2 या एशियन हाइवे नम्बर – 1 के रूप में जाना जाता है । इसी सड़क पर मेरी कांस्टीट्वेंसी बिहार का औरंगाबाद भी है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार को यह बताना चाहता हूं कि वर्तमान में इस सड़क की स्थिति उत्तर प्रदेश के वाराणसी से बिहार के भभुआ जिला, रोहतास जिला, औरंगाबाद, गया और आगे झारखण्ड की तरफ बहुत खराब है, बिल्कुल बदतर है, अच्छी नहीं है । यह सड़क नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की है । इसके उपभोक्ता वहां एक रुपये प्रति किलोमीटर से भी अधिक पे करके इस सड़क का उपयोग करते हैं । बावजूद इसके, वाराणसी से लेकर धनबाद तक इस सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है, जिसमें बीच में मेरा औरंगाबाद जिला भी है । अधिकारियों को पत्र लिखते-लिखते मैं थक गया हूं, कोई सुनने को तैयार नहीं है । वहां पुलों की ऐसी स्थिति है कि वहां चार-चार, छः-छः घण्टे जाम लगता है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी, जो बहुत ही तेज-तर्रार आदरणीय गडकरी जी हैं, अधिकारी इनको सच्चाई नहीं बताते हैं, से कहना चाहता हूं कि वाराणसी से लेकर धनबाद तक इस सड़क की स्थिति ठीक कराई जाए और पुलों की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जाए, ताकि उपभोक्ता आसानी से इस सड़क का प्रयोग कर सकें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सी.पी. जोशी को श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।